(ख) ये सैनिक स्कूल 1968 तक इन्डियन स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम का अनुसरण कर रहे थे। बाद में, ये स्कूल भारतीय उच्चतर माध्यमिक प्रमाण-पत्र की परीक्षा के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम का अनुसरण करने लगे।

(ग) सरकार इम्फाल (मनीपुर) में, इस वर्ष के दौरान, एक सैनिक स्कूल स्थापित करने का विचार रखती है।

विवरण

1. सैनिक स्कूल, (महाराष्ट्र)	सतारा
2. सैनिक स्कूल, (हरियाणा)	कुंजपुरा
3. सैनिक स्कूल, (गुजरात)	बालाचडी
4. सैनिक स्कूल, (पंजाब)	कपूरथला
5. सैनिक स्कूल, (राजस्थान)	चित्तौडगढ़
6. सैनिक स्कूल, (आंध्र प्रदेश)	कोरुकोन्डा
7. सैनिक स्कूल, (केरल)	कजहाकुटम
8. सैनिक स्कूल, (उड़ीसा)	भुवनेश्वर
9. सैनिक स्कूल, (पश्चिम बंगाल)	पुरूलिया
10. सैनिक स्कूल, (मद्रास)	अमरावती नगर
11. सैनिक स्कूल, (मध्य प्रदेश)	रेवा
12. सैनिक स्कूल, (बिहार)	तिलैया डैम
13. सैनिक स्कूल, (मैसूर)	बीजापुर
14. सैनिक स्कूल, (असम)	गोलापारा
15. सैनिक स्कूल, (उत्तर प्रदेश)	घोड़ाखाल
16. सैनिक स्कूल, (जम्मू)	नगरोटा

विदेशों से हिन्दी में पत्र व्यवहार

5224. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या किसी देश ने भारत के साथ हिंदी में पत्र व्यवहार करने की इच्छा प्रकट की है ; और

(ख) यदि हां, तो उनके नाम क्या हैं ?

विदेश मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह) (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

भारतीय दूतावासों द्वारा विदेशों को भारतीय संस्कृति और साहित्य के बारे में जानकारी न दिया जाना

5225. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विदेशों में भारतीय संस्कृति और साहित्य के बारे में जानकारी लेने के इच्छुक व्यक्तियों, को हमारे दूतावासों से कोई प्रोत्साहन नहीं मिलता है ; और

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार के उपेक्षा-पूर्ण रवैये का क्या कारण है ?

विदेश मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सुरेन्द्र-पाल सिंह) : (क) जी नहीं। इसके विपरीत विदेशों में हमारे मिशनों के पुस्तकालय हैं जिसमें भारतीय संस्कृति, कला, संगीत चित्रकारी एवं साहित्य के विषयों पर हमेशा पुस्तकें रहती हैं। भारत से सांस्कृतिक एवं साहित्यिक पत्रिकायें हमारे मिशनों को नियमित रूप से भेजी जाती हैं। भारतीय संस्कृति, नृत्य, संगीत पर बने वृत्तचित्र भी उन्हें बराबर भेजे जाते हैं जिनका वे इस्तेमाल करते हैं।

यह सभी सामग्री उन लोगों में वितरित की जाती है या उन्हें दिखाई जाती है जो भारतीय संस्कृति एवं साहित्य में रुचि रखते हैं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Research Programme on Transplanting of Organs of Humans

5226. SHRI ESWARA REDDY : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY PLANNING be pleased to state whether under the auspices of Government, any programme of research in transplanting vital organs of humans, such as Kidney, liver and heart, is under execution at present ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY PLANNING (SHRI D. P. CHATTOPADHYAYA) : The Indian Council of Medical Research, an autonomous institution